11 युवा कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत युवकों एवं बच्चों कों खेलकूद एवं सास्कृतिक कार्यक्रमों में अभिरूचि रखने वालों को प्रोत्साहन देना एवं कुशल प्रशिक्षण की व्यवस्था करना तथा नेहरू युवा केन्द्र के साथ समन्वय स्थापित करना क्लबों को प्रोत्साहित करना।

12. लोगों को उपभोक्ता संरक्षण, पंचायती राज, महिला राज, महिला शसक्तिकरण, दलित मानवाधिकार, स्वयं सहायता समूह के गठन एवं संचालन के बारे में जानकारी देना तथा देश से महिला उत्पीड़न, वेश्यावृत्ति समाप्त कराने के लिए लोगों को जागरूक करना ।

13. संस्था सामाजिक सांस्कृतिक एवं राजनैतिक चेतना जागृत करने के उद्देश्य से स्टेज एवं नुक्कड़ नाटक, नृत्य संगीत, नाटक, वाद्‌य का प्रशिक्षण एवं प्रस्तुति करेगी ।

14. कृषि के विकास हेतु कृषकों को आधुनिक औजार, उन्नत बीज, उन्नत खाद, सिंचाई के उपयुक्त साधन के बारे में जानकारी देना एवं उपलब्ध कराना ।

15. महिलाओं एवं बच्चों के चौमुखी विकास हेतु आंगनबाड़ी, बालबाड़ी, पालनागृह का संचालन करना ।

16. बालश्रम उन्मुलन, बाल व्यापार उन्मुलन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाना तथा पीड़ित लड़के–लड़कियों एंव वृद्धों का पुनर्वास करना।

17. ग्रामीण गरीब लोगों को पंचायती राज, वयस्क मताधिकार, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम एवं अपने अधिकार एवं कर्त्तव्य के बारे में संस्था के माध्यम से जानकारी दिया जायेगा।

18. गाँव में शौचालय, गोबर गैस प्लांट, धुऑ रहित चुल्हा, सोलर लाईट आदि कार्यक्रमों का संचालन करना एवं लोगों के बीच शिक्षण प्रशिक्षण का कार्यक्रम चलाना ।

19. वृद्ध महिला–पुरूष, निःसंतान, निराश्रितों के लिए आश्रम स्थल, भोजन, चिकित्सा की निःशुल्क व्यवस्था करना ।

20. आवश्यकतानुसार गोष्ठी, परिसंवाद, सेमिनार,सम्मेलन, चित्र प्रदशर्नी, कार्यशाला, पदयात्रा प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन करना ।

21. संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए शिक्षाप्रद लेख, पत्रिकाएं मुद्रित तथा प्रकाशित करना।

22. मछली पालन, नहर, नाले कि साफ–सफाई, तालाब एवं कुएँ कि साफ–सफाई के लिए लोगो को जागरुक करना। राज्य एवं केन्द्र सरकार के द्वारा चलाये जाने वाले कार्यक्रमों में सहयोग देना ।